Title: Need to release funds from Prime Minister's Relief Fund to the people affected by severe fire incident in Chayal Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल) : अध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र (इलाहाबाद) उ.प्र. में पिछले सप्ताह विद्युत स्पार्क से ग्राम अम्बाई बुजुर्ग ब्लाक कड़ा एवं गढ़वा (कौशाम्वी) भौंतर ब्लाक सिराथू में सैकड़ों घर जलकर राख हो गए हैं जिसमें एक लड़की तथा आधा दर्जन मवेशियों की जाने गयी हैं। उक्त अग्निकांड में ज्यादातर मकान अनुसूचित जाति के लोगों के हैं। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से मांग करता हूं कि प्रधान मंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद कराने की कृपा करें। पीड़ित परिजनों को मुआवजा, नवनिर्मित मकान तथा पेयजल सुविधा के साथ रोजगार दिए जाए।